टीकमगढ़

नवभारत

भोपाल, शनिवार, 15 अगस्त 2026

आज स्वतंत्रता दिवस पर कलेक्टर करेगें ध्वजारोहण

प्रदेश के मुख्यमंत्री के संदेश का किया जाएगा वाचन

गरिमामय वातावरण में मनाया जाएगा राष्ट्रीय पर्व

नवभारत न्यूज, टीकमगढ़।

आज शनिवार को स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त को कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय पुलिस परेड ग्राउंड पर तिरंगा फहराएंगे। इसके उपरांत मुख्यमंत्री के संदेश का बाचन किया जाएगा। भारत सरकार के गृह मंत्रालय के निर्देशों के अनुसार, जिला स्तर, विकासखंड, नगर पालिका, नगर परिषद और ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगीत के गायन से होगी।

देश के 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शनिवार, 15 अगस्त को जिलेभर में स्वतंत्रता दिवस समारोह पूरे उत्साह, गरिमा और देशभक्ति के वातावरण में मनाया जाएगा। जिला स्तरीय मुख्य समारोह पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित होगा, जहां कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय मुख्य अतिथि के रूप में ध्वजारोहण करेंगे।समारोह की शुरुआत निर्धारित परंपरा के अनुसार राष्ट्रगीत के गायन से होगी। इसके बाद कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय द्वारा तिरंगा फहराया जाएगा। ध्वजारोहण के पश्चात राष्ट्रगान होगा और पुलिस एवं अन्य सुरक्षा बलों के जवानों द्वारा फुल ड्रेस में मार्च पास्ट किया जाएगा।

जवान मार्च पास्ट करते हुए मुख्य अतिथि को सलामी देंगे। ध्वजारोहण एवं परेड के बाद समारोह में मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया जाएगा। इस दौरान स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, शहीदों और देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले वीरों को श्रद्धापूर्वक याद किया जाएगा। समारोह में मौजूद अधिकारी, जनप्रतिनिधि, कर्मचारी, विद्यार्थी और आम नागरिक देश की एकता, अखंडता एवं संप्रभुता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करेंगे।

भारत सरकार के गृह मंत्रालय के निर्देशों के अनुसार स्वतंत्रता दिवस समारोह केवल जिला मुख्यालय तक सीमित नहीं रहेगा। विकासखंड, नगर पालिका, नगर परिषद और ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर भी निर्धारित कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सभी स्थानों पर कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगीत के गायन से होगी और इसके बाद ध्वजारोहण सहित अन्य निर्धारित कार्यक्रम संपन्न होंगे।

स्वतंत्रता दिवस को लेकर प्रशासन द्वारा समारोह को गरिमापूर्ण और व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने की तैयारियां पूरी की जा रही हैं। पुलिस परेड ग्राउंड में होने वाले मुख्य समारोह में बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि, विद्यार्थी एवं शहरवासी शामिल होंगे। पूरे समारोह के दौरान देशभक्ति का माहौल नजर आएगा।

देशभक्ति का दिख रहा जिले में माहौल

स्वतंत्रता दिवस समारोह में शहर के विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी जाएंगी। विद्यार्थियों की रंगारंग प्रस्तुतियां समारोह का मुख्य आकर्षण रहेंगी। गीत, नृत्य एवं देशभक्ति की प्रस्तुतियों के माध्यम से विद्यार्थी स्वतंत्रता दिवस के महत्व और देशप्रेम का संदेश देंगे। पूरे समारोह के दौरान देशभक्ति का माहौल नजर आएगा।

आशा कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट पर किया प्रदर्शन

नवभारत न्यूज, टीकमगढ़।

शहर में शुक्रवार को आशा कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में प्रदर्शन किया। उन्होंने समय पर मानदेय का भुगतान न होने और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जतारा में पदस्थ बीसीएम ब्लॉक कम्युनिटी मोबिलाइजर हरिशंकर प्रजापति की पुन: बहाली की मांग को लेकर शिकायत की। कार्यकर्ताओं ने कलेक्टर के माध्यम से राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, भोपाल के मिशन संचालक को एक ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में आशा कार्यकर्ताओं ने बताया कि हरिशंकर प्रजापति पूर्व में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जतारा में बीसीएम के पद पर कार्यरत थे। लगभग तीन-चार माह पहले उन्हें कथित शिकायत और जांच के बाद पद से हटा दिया गया था। आशा कार्यकर्ताओं का आरोप है कि उनके हटने के बाद पिछले करीब दो माह से मानदेय एवं प्रोत्साहन राशि के भुगतान में लगातार परेशानी आ रही है। आशा कार्यकर्ता सुनीता चतुर्वेदी ने कहा कि हरिशंकर प्रजापति के कार्यकाल में उन्हें मानदेय समय पर मिल जाता था और भुगतान सहित अन्य कार्यों में कोई समस्या नहीं होती थी।

कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि हरिशंकर प्रजापति के खिलाफ गलत जानकारी के आधार पर जांच कराई गई थी, जबकि उनके अनुसार आरोप निराधार हैं। आशा कार्यकर्ताओं ने मिशन संचालक और जिला प्रशासन से मामले पर विचार करते हुए हरिशंकर प्रजापति को पुन: बहाल कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जतारा में पदस्थ करने की मांग की है। उनका कहना है कि बीसीएम की अनुपस्थिति के कारण उनके मानदेय एवं प्रोत्साहन राशि के भुगतान में आ रही समस्या का जल्द निराकरण किया जाए, ताकि उन्हें आर्थिक परेशानियों से राहत मिल सके।

बल्देवगढ़ के तालाब में नौका दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन

नवभारत न्यूज, टीकमगढ़।

जिले के बल्देवगढ़ स्थित ग्वाल सागर तालाब में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर इस बार एक खास आयोजन देखने को मिला। 14 अगस्त से शुरू हुए कार्यक्रम के तहत आज ग्वाल सागर तालाब में नौका दौड़ प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया।

स्वतंत्रता दिवस के जश्न से पहले बल्देवगढ़ का ग्वाल सागर तालाब रोमांच और उत्साह से भर गया। यहां नौका दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें अलग-अलग प्रतिभागियों ने अपनी नौकाओं के साथ हिस्सा लिया।नौका दौड़ को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग भी तालाब के आसपास मौजूद रहे और प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाया। इस दौरान कार्यक्रम में पूर्व मंत्री राहुल सिंह, कलेक्टर विवेक श्रोतिय और एसपी सुधीर अग्रवाल सहित प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। स्वतंत्रता दिवस आयोजित कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों में देशभक्ति और उत्साह का माहौल बनाना भी रहा।

दस्तक अभियान पर दिया जा रहा जोर

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ओपी अनुरागी के निर्देशानुसार कार्यक्रम प्रबंधक शहरी द्वारा दस्तक अभियान के अंतर्गत नगर के वार्ड क्रमांक-24 में स्पॉट चेक किया गया।

घर-घर भ्रमण, बच्चों की स्क्रीनिंग, दस्तक पोर्टल पर प्रविष्टि तथा एएनएम एवं आशा कार्यकर्ताओं द्वारा किए जा रहे कार्यों का सत्यापन किया गया। अभियान के प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण संचालन के लिए संबंधित स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

निरीक्षण में गड़बड़ी मिलने पर बनाया जांच प्रतिवेदन

नवभारत न्यूज,मोहनगढ़।

केशवगढ़ स्थित आंगनबाड़ी केंद्र (अ) एवं (ब) का सुपरवाइजर रिंकी तिवारी द्वारा निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान केंद्रों के संचालन एवं व्यवस्थाओं में कई अनियमितताएं सामने आने की बात कही गई है। निरीक्षण के बाद संबंधित जिम्मेदारों के विरुद्ध कार्रवाई के लिए प्रतिवेदन तैयार किया गया।

निरीक्षण के दौरान केंद्रों में दर्ज व्यवस्थाओं, बच्चों की उपस्थिति, पोषण आहार वितरण एवं अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। ग्रामीणों की मौजूदगी में निरीक्षण होने से केंद्रों की वास्तविक स्थिति भी सामने आई। ग्रामीणों ने भी केंद्रों की व्यवस्थाओं को लेकर अपनी समस्याएं और शिकायतें जिम्मेवारों के समक्ष रखीं। सुपरवाइजर द्वारा निरीक्षण में मिली कमियों को गंभीरता से लेते हुए आवश्यक कार्रवाई के लिए प्रतिवेदन तैयार किया गया है। अब संबंधित विभाग द्वारा प्रतिवेदन के आधार पर आगे की कार्रवाई किए जाने की बात कही गई।

ग्रामीणों का कहना है कि आंगनबाड़ी केंद्रों के नियमित निरीक्षण से व्यवस्थाओं में सुधार होगा और बच्चों को शासन की योजनाओं एवं पोषण सुविधाओं का बेहतर लाभ मिल सकेगा।

जल्द मिलेगा अनुदान

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

कृषि यंत्रों को किसानों को किराए पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कस्टम हायरिंग योजना के अंतर्गत कृषि यंत्र किराए की दुकान कस्टम हायरिंग सेंटर स्थापित करने के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

इच्छुक आवेदक 7 अगस्त 2026 से 21 अगस्त 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। प्राप्त आवेदनों में पात्र आवेदकों का चयन 22 अगस्त 2026 को लॉटरी के माध्यम से किया जाएगा।

12 सितम्बर को लोक अदालत का आयोजन

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार 12 सितम्बर को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के सफल क्रियांवयन हेतु प्रधान जिला न्यायाधीश,अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती प्रवीणा व्यास की अध्यक्षता में उनके विश्राम कक्ष में जिला मुख्यालय के न्यायाधीशगण के साथ आज बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में प्रधान जिला न्यायाधीश द्वारा न्यायाधीशगण को नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण हेतु आवश्यक चर्चा के दौरान कहा कि न्यायालयों में लंबित राजीनामा योग्य आपराधिक शमनीय मामले, चैक बाउंस, बैंक रिकवरी, मोटर दावा अधिकरण संबंधी मामले, विद्युत विवाद के प्रकरण, वैवाहिक एवं पारिवारिक विवाद संबंधी प्रकरण, भू-अधिग्रहण संबंधी प्रकरण एवं समस्त प्रकार के सिविल के साथ-साथ बैंक रिकवरी, नगर पालिका के प्रकरणों सुने जाएगे।

बीज के लिए मिली सुविधा

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

मत्स्यपालन के लिये मछली पालन विभाग के मत्स्यबीज प्रक्षेत्रों पर उचित शासकीय मूल्य पर मत्स्यबीज उपलब्ध है।

सहायक संचालक मत्स्योद्योग जिला मेघा गुप्ता द्वार जानकारी दी गई है कि जिले के मत्स्यपालन से संबंधित सभी मछुआ सहकारी समितियां, मछुआ,व्यक्तिगत के लिये मछली पालन विभाग के मत्स्यबीज प्रक्षेत्रों पर उचित शासकीय मूल्य पर मत्स्यबीज उपलब्ध है। तालाबों में संचयन हेतु मत्स्यबीज प्राप्त करने के लिये कार्यालय से संपर्क करें।

नि :शुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

नवभारत न्यूज

टीकमगढ़। भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में आयोजित 13 दिवसीय नि:शुल्क उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले के विभिन्न ग्रामों से आई 22 महिलाओं एवं युवतियों को 13 दिनों तक उद्यमिता विकास से संबंधित जानकारी प्रदान करने के साथ-साथ ब्यूटी पार्लर से संबंधित कार्यों का प्रशिक्षण दिया गया।

समापन समारोह में लीड बैंक से सीमा वर्मा, सोवरन रैकवार तथा अटेंडर राहुल कुशवाहा उपस्थित रहे। दौरान प्रतिभागियों को स्वरोजगार स्थापित करने, उद्यम संचालन तथा ब्यूटी पार्लर से संबंधित विभिन्न कार्यों की जानकारी दी गई।

भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा ग्रामीण बेरोजगार युवाओं के लिए नि:शुल्क मोबाइल रिपेयरिंग तथा सीसीटीवी कैमरा लगाने एवं सुधारने का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

कार्यालय – नगर पालिका परिषद टीकमगढ़ (म.प्र.)

क्रमांक/5053/नपा/निर्माण/2026 — टीकमगढ़, दिनांक 11/08/2026

द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विस्तृत विवरण http:/mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

क्र.	टेंण्डर क्रमांक एवं जारी दिनांक	कार्य का नाम	कार्य की समयावधि एवं लागत	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं (EMD)	निविदा की अंतिम तिथि
1	2025_UAD_462808_1 14-08-2026 को सायं 05:00 बजे से	वार्ड नंबर 18 में सिटी हॉस्पिटल की गली में सीसी रोड़ एवं आरसीसी नाली का निर्माण कार्य (द्वितीय निविदा)	3 माह 2887783.00	5000/- 21658/-	01/09/2026 सायं 05:30 बजे तक

1. मध्यप्रदेश शासन नगरीय विकास एवं आवास विभाग मंत्रालय का पत्र क्रमांक/एफ 237/2024/18-2 भोपाल दिनांक 09/09/2024 प्रभावशील रहेगा, जो कि निविदा एवं अनुबंध का भाग है।

नोट - निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की बेबसाईट पर ही किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद, टीकमगढ

बारिश को लेकर किसान चिंतित

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

जिले में पिछले 24 घंटे से मानसून सक्रिय है, जिससे रुक-रुक कर बारिश हो रही है। लंबे अंतराल के बाद हुई इस बाद अब बारिश का इंतजार है। जिससें किसान परेशान है।

पलेरा तहसीलों में 40 मिलीमीटर से अधिक, यानी करीब डेढ़ इंच बारिश रिकॉर्ड की गई। बड़ागांव धसान और मोहनगढ़ तहसीलों में एक इंच बारिश हुई, जबकि बल्देवगढ़ तहसील में कोई बारिश दर्ज नहीं की गई। जिले में अब तक कुल 14.01 इंच औसत बारिश हुई है।

लंबे समय के बाद पलेरा नगर में झमाझम बारिश

नवभारत न्यूज, पलेरा।

लंबे समय से बारिश का इंतजार कर रहे पलेरा नगरवासियों को शुक्रवार को राहत मिली। शुक्रवार को दिनभर रुक-रुककर हुई बारिश से नगर का मौसम पूरी तरह बदल गया। आसमान में छाए बादलों के बीच हुई बारिश ने लोगों को उमस और गर्मी से राहत दिलाई।

काफी समय बाद दिनभर बारिश होने से सड़कों और गलियों में पानी नजर आया। बारिश के चलते मौसम में ठंडक घुल गई और लोगों ने राहत की सांस ली। बारिश का असर बाजार और आम जनजीवन पर भी देखने को मिला, जहां लोग जरूरी काम से ही घरों से बाहर निकलते नजर आए।

बारिश से किसानों के चेहरों पर भी खुशी दिखाई दी। लंबे समय से बारिश की प्रतीक्षा कर रहे किसानों के लिए यह पानी खेती-किसानी के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। टीकमगढ़ जिले में शुक्रवार को बारिश की संभावना पहले से जताई गई थी और मौसम पूर्वानुमान में पलेरा क्षेत्र में भी गरज-चमक के साथ बारिश के संकेत थे। पलेरा में मौसम सुहाना हो गया।

विभागीय पोर्टल पर कराएं रजिस्ट्रेशन

नवभारत न्यूज,

टीकमगढ़। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान आईटीआई टीकमगढ़ में विभिन्न व्यवसायों में प्रवेश के लिए ओपन कन्वर्जन राउंड की प्रक्रिया प्रारंभ की जा रही है। इच्छुक अभ्यर्थी मध्यप्रदेश एवं मध्यप्रदेश के बाहर के आवेदक विभागीय पोर्टल के माध्यम से 12 अगस्त से 16 अगस्त तक नवीन रजिस्ट्रेशन, पूर्व रजिस्ट्रेशन में त्रुटि सुधार तथा व्यवसाय एवं संस्था की प्राथमिकता चॉइस फिलिंग कर सकते हैं।

शासकीय आईटीआई टीकमगढ़ में जारी प्रवेश कार्यक्रम के अनुसार रिक्त सीटों की संस्थावार एवं व्यवसायवार जानकारी 12 अगस्त को विभागीय पोर्टल पर प्रदर्शित की जाएगी। ओपन कन्वर्जन राउंड की पंचम चयन सूची 20 अगस्त को विभागीय पोर्टल पर प्रदर्शित की जाएगी। चयनित आवेदकों की प्रवेश प्रक्रिया 20 अगस्त से 24 अगस्त तक संपन्न होगी। महिला प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण शुल्क में 25 प्रतिशत की विशेष छूट दी जाएगी। मध्यप्रदेश के बाहर के आवेदक विभागीय पोर्टल के माध्यम से 12 अगस्त से 16 अगस्त तक कराएं।

युवक से मारपीट करने पर मामला दर्ज

नवभारत न्यूज

टीकमगढ़। दिगौड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बम्होरी खास के एक ढावा पर खाना खाने को लेकर विवाद हो गया। ढावा पर खाना खा रहे युवक के साथ दो लोगों ने मारपीट कर दी। घटना में युवक को चोटें आ गई। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मारपीट की धाराओं व एससीएसटी एक्ट के तहत केस दर्ज किया है।

दिगौड़ा पुलिस ने बताया है कि थाना क्षेत्र के अंतर्गत पीड़ित युवक देवेंद्र पिता किशोरी निवासी खरोई ग्राम बम्होरी के राय ढावा पर खाना खा रहा था। तभी रहीश व हरिशंकर निवासी खरोई, हाल निवासी भेड़ फार्म बम्होरी ढावा पर पहुंचे और युवक से खाना खाने को लेकर विवाद करने लगे। इस विवाद में उक्त लोगों ने पीड़ित की जमकर मारपीट कर दी। घटना में पीड़ित को चोटें आ गई। सूचना पर 112 वाहन ने मौके पर पहुंच कर घायल युवक का अस्पताल में इलाज करवाया। इसके बाद युवक की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। दिगौड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बम्होरी खास के एक ढावा पर खाना खाने को लेकर विवाद हो गया। ढावा पर खाना खा रहे युवक के साथ दो लोगों ने मारपीट कर दी।

बीमारी की आशंका

नवभारत न्यूज टीकमगढ़। बदलते मौसम को देखते हुए आज बारिश होने की संभावना जताई जा रही है। मौसम विभाग ने बताया है कि अब बारिश हो सकती है। मौसम के चलते शहर के लोगों में मौसमी बीमारी की आशंका देखी जा रही है।

तिरंगा यात्रा — यात्रा का जतारा नगर में जगह-जगह स्वागत

जतारा विधायक ने तिरंगा यात्रा में उत्साहपूर्वक लिया भाग

नवभारत न्यूज,

जतारा। स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 14 अगस्त 2026 को जतारा में 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा में जतारा विधायक हरिशंकर खटीक, भाजपा जिला अध्यक्ष सरोज राजपूत, मंडल अध्यक्ष, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष मुकेश अहिरवार सहित ग्रामीण क्षेत्रों से आए हजारों लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

तिरंगा यात्रा दोपहर के समय कुंड पहाड़ी से शुरू हुई। बड़ी संख्या में लोग मोटरसाइकिलों पर हाथों में तिरंगा लेकर यात्रा में शामिल हुए। यात्रा विभिन्न मार्गों से होते हुए कन्हैया पुलिस चौकी तक पहुंची, जहां इसका समापन किया गया। यात्रा के दौरान जतारा में जगह-जगह लोगों द्वारा पुष्पवर्षा कर तिरंगा यात्रा का स्वागत किया गया। वहीं डीजे और जेसीबी मशीन के माध्यम से भी यात्रा में शामिल लोगों पर फूल बरसाए गए। डीजे पर बज रहे देशभक्ति गीतों के बीच 'भारत माता की जय' और देशभक्ति के नारों से पूरा जतारा क्षेत्र गूंज उठा। तिरंगा यात्रा में युवाओं सहित ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग मोटरसाइकिलों पर शामिल हुए। पूरे मार्ग पर देशभक्ति का माहौल देखने को मिला। स्वतंत्रता दिवस से पहले आयोजित इस यात्रा के माध्यम से लोगों में राष्ट्रप्रेम और तिरंगे के प्रति सम्मान का संदेश दिया गया। स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 14 अगस्त 2026 को जतारा में हर घर तिरंगा' अभियान के तहत भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा में जतारा विधायक हरिशंकर खटीक, भाजपा जिला अध्यक्ष सरोज राजपूत, मंडल अध्यक्ष, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष मुकेश अहिरवार सहित ग्रामीण क्षेत्रों से आए हजारों लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

रैली में यह लोग हुए शामिल

स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 14 अगस्त 2026 को जतारा में हर घर तिरंगा' अभियान के तहत भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा में जतारा विधायक हरिशंकर खटीक, भाजपा जिला अध्यक्ष सरोज राजपूत, मंडल अध्यक्ष, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष मुकेश अहिरवार सहित ग्रामीण क्षेत्रों से आए हजारों लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।